Title: Regarding need to protect forest land bordering Nepal in tehsil Nighasan, Khiri, U.P. from encroachment – Laid.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी): मेरे संसदीय क्षेत्र खीरी में नेपाल की सीमा से लगी हुई तहसील निघासन में ग्राम सभा रानी नगर, बसही तथा बिसेनपुरी से लगी हुई वन विभाग की ग्राम सभा से विवादित 1000 एकड़ भूमि पर नेपाल राट्र के कंचनपुर " च " गांव तथा " ग " के निवासियों द्वारा अनाधिकृत कब्जा कर लिया गया है तथा सीमा चिन्हों को नट करके खेती की जा रही है। इस कारण से क्षेत्र में टकराव की स्थिति बन रही है।

मेरा भारत सरकार से अनुरोध है शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाने का काम करें जिससे इस स्थिति को नियंत्रण में लाया जा सके तथा भारत र्वा के सीमा हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

(इति)